क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

हीरा उद्योगपति डी.के. मारवाड़ी के आलीशान बंगले पर संकट

# 25 करोड़ का कर्ज,20 करोड़ का बीमा और 32 करोड़ की फर्जी चोरी का खुलासा

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत के वराछा इलाके में स्थित डीके एंड संस कंपनी से 18 अगस्त 2025 को 32 करोड़ की हीरा चोरी की खबर सामने आई थी। लेकिन अगले ही दिन यह खुलासा हुआ कि चोरी असली नहीं बल्कि नकली (फर्जी) थी और इसके पीछे कोई और नहीं बल्कि कंपनी के मालिक डी.के. मारवाड़ी (देवेन्द्र कुमार चौधरी) ही आरोपी हैं।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उन पर 25 करोड़ का कर्ज था और कर्ज से निकलने व 20 करोड़ का बीमा क्लेम करने के लिए इस पूरे षड्यंत्र को अंजाम दिया गया। इसमें उनका एक बेटा भी शामिल था जबकि दूसरे बेटे की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

300 करोड़ का टर्नओवर करने वाली कंपनी के मालिक देवेन्द्र चौधरी हीरा उद्योग की मंदी के कारण कर्ज में डूब गए थे। कुछ ही समय में उन पर 25 करोड़



से ज्यादा का कर्ज हो गया। इससे निकलने के लिए उन्होंने चतुराई से बीमा क्लेम का खेल रचा।

उन्होंने 10 दिन पहले ही अपनी कंपनी का बीमा नवीनीकृत कराया था। बीमा राशि करीब 20 करोड़ रुपए थी।

उन्होंने अपना बंगला गिरवी रखकर 14 करोड़ की बैंक लोन ली, मार्केट से 7 करोड़ और राजस्थान से रिश्तेदारों से 4 करोड़ उठाए। कुल मिलाकर 25 करोड़ का बोझ चढ़ गया।

देवेन्द्र चौधरी पिछले 20 साल से हीरा व्यापार में हैं। कभी उनके यहां 1500 कारीगर काम करते थे और कारोबार 300 करोड़ का था, लेकिन कोरोना के बाद काम ठप हो गया और सिर्फ 15 स्टाफ बचा।

वे पिछले 15 साल से बीमा भरते आ रहे हैं। चोरी की स्थिति में कंपनी के अंदर 20 करोड़ और बाहर 2 करोड़ का बीमा था। इसके लिए वे हर साल 3.75 लाख प्रीमियम देते थे।

5 साल पहले भी उन्होंने कतारगाम में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी और 8 लाख का बीमा क्लेम लिया था। अब पुलिस यह भी जांच कर रही है कि वह भी असली चोरी थी या फर्जी।

48 वर्षीय देवेन्द्र कुमार चौधरी मूल रूप से राजस्थान के बाड़मेर जिले के गुडामालाणी गांव के रहने वाले हैं। वे 35 साल से सूरत में रह रहे हैं। वराछा इलाके में डायमंड किंग और डीके एंड संस के नाम से उनका कारोबार चलता है।

डायमंड किंग का खाता वे अकेले संभालते हैं, जबकि डीके एंड संस में उनकी पत्नी, बेटा पियूष, बहू और छोटा बेटा ईशान साझेदार हैं। परिवार मिलकर हीरा कारोबार चलाता है।

कंपनी का ज्यादातर कारोबार मुंबई और विदेश से जुड़ा है। पिछले 20 साल से काठियावाड़ी हीरा व्यापारियों के बीच डी.के. मारवाड़ी एक बड़े व्यापारी के तौर पर जाने जाते हैं।

कंपनी में 15 अगस्त से जन्माष्टमी तक तीन दिन की छुट्टी थी। 15 अगस्त को दोपहर में उन्होंने पॉलिश और रफ हीरे तिजोरी में रखे और घर चले गए।

18 अगस्त की सुबह अचानक खबर आई कि 32.6 करोड़ की चोरी हो गई है। इसमें 5 लाख नकद और 1,12,561 कैरेट हीरे शामिल थे। चोर सीसीटीवी का डीवीआर भी ले गए। मौके से अलग-अलग ब्रांड की सिगरेट के ठूंठ और गुटखे का पाउच भी मिला।

पहले शक था कि चोर मुंबई या राजस्थान के हैं, लेकिन बाद में जांच में सामने आया कि यह सब डी.के. मारवाड़ी की ही बनाई साजिश थी।

## नवसारी जिले में सुबह से ही जोरदार बारिश

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

नवसारी जिले में सुबह से ही जोरदार बारिश का दौर शुरू हो गया। सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक अलग-अलग तालुका में अच्छा खासा पानी बरसा।

खेरगाम तालुका में सबसे ज्यादा 61 मिमी (2.49 इंच) बारिश हुई। वांसदा में 55 मिमी, गनदेवी में 46 मिमी और चीखली में 26 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं, नवसारी शहर में 2 मिमी और जलालपोर में 1 मिमी वर्षा हुई।

भारी बारिश के चलते जिले के चार अहम रास्ते बंद करने पड़े।

चीखली तालुका का रुपला-चीरपाड़ा रोड और वेलणपुर एप्रोच रोड पानी भरने से बंद।



खेरगाम तालुका का तोरणवेला-पाटी खटाणा मार्ग और वांसदा तालुका का खाटा आंबा-वाटी रोड ओवरफ्लो से बंद हो गए।

गनदेवी तालुका में भी मुख्य मार्गों पर पानी भर गया, जिससे गनदेवी से इच्छापुर जाने वाले मार्ग पर वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज हवा और बारिश के कारण विजिबिलिटी कम हो गई, जिससे वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा।

वांसदा तालुका के कैलिया डैम और आसपास के क्षेत्रों में भी लगातार वर्षा हो रही है। कैचमेंट एरिया में पानी बढ़ने से डैम के आउटफ्लो में वृद्धि दर्ज की गई है।

## कपराडा में 6 इंच से ज्यादा बारिश, 53 सड़कें बंद,मधुबन डेम के 10 गेट खोले

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

वलसाड जिले में सुबह 6 बजे से 12 बजे तक भारी बारिश दर्ज की गई। कपराडा तालुका में सबसे ज्यादा 123 मिमी बारिश हुई है। वापी में 67 मिमी, धरमपुर में 66 मिमी, पारडी में 50 मिमी, उमरगाम में 33 मिमी और वलसाड में 16 मिमी बारिश दर्ज की गई।

भारी बारिश के कारण जिले की कुल 53 सड़कें बंद कर दी गई हैं। इनमें जिला पंचायत के अधीन 52 सड़कें और राज्य सरकार के अधीन 1 सड़क शामिल है। राज्य मौसम विभाग ने वलसाड जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। जिला प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

मधुबन डेम के ऊपरी क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते डेम के 10 गेट 1.50 मीटर तक खोले गए हैं। इसके कारण दमनगंगा नदी के किनारे बसे गांवों को अलर्ट कर दिया गया है।

मृतक छात्र का अंतिम संस्कार:महिलाओं और पुलिस के बीच झड़प

# अहमदाबाद में सेवेंथ डे स्कूल के कक्षा-8 के छात्र ने कक्षा-10 के छात्र की हत्या की, हालात बेकाबू

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

अहमदाबाद के मणिनगर स्थित सेवेंथ डे स्कूल में मंगलवार को मामूली धक्का-मुक्की की घटना में कक्षा-8 के छात्र ने कक्षा-10 के छात्र पर चाकू से हमला कर दिया था। घायल छात्र की बुधवार सुबह अस्पताल में मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल और स्टाफ के साथ मारपीट की और तोड़फोड़ की। बताया जा रहा है कि नाबालिग आरोपी छात्र शाहआलम का रहने वाला है।

मृतक छात्र का अंतिम संस्कार इसनपुर श्मशान भूमि पर बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी में किया गया। अंतिम यात्रा में 2000 से अधिक लोग शामिल हुए। मृतक के पिता ने सरकार और पुलिस से न्याय की मांग की। अंतिम यात्रा स्कूल के पास से ही निकाली गई, जहां वारदात हुई थी। किसी अप्रिय






घटना से बचने के लिए भारी पुलिस बंदोबस्त किया गया था।

छात्र की मौत की खबर फैलते ही सुबह 11 बजे तक करीब 2000 लोग स्कूल के बाहर जमा हो गए। भीड़ ने अचानक हिंसक रूप ले लिया और स्कूल में घुसकर बसों, गाड़ियों और टू-व्हीलर में तोड़फोड़ की। स्टाफ पर हमला किया गया, दरवाजे और कांच तोड़े गए। भीड़ ने एक स्टाफ को पकड़कर ऊपर ले जाकर पीटा।

स्थिति बिगड़ने पर पुलिस पहुंची लेकिन भीड़ पर काबू नहीं कर पाई। पुलिस जब स्टाफ को बचाकर बाहर निकाल रही थी तब भीड़ ने पुलिस वाहन को भी उलट दिया। बाद में गुस्साई भीड़ ने स्कूल के बाहर रोड पर बैठकर चक्का जाम कर दिया और "पुलिस हाय-हाय" के नारे लगाए। पुलिस ने लाठीचार्ज कर स्थिति नियंत्रित करने की कोशिश की।

मणिनगर के विधायक, डीसीपी बलदेव देसाई और एसीपी मौके पर पहुंचे। साथ ही बजरंग दल, VHP, ABVP के कार्यकर्ता भी "जय श्रीराम" के नारे लगाते हुए पहुंचे। पुलिस और ABVP कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। पुलिस ने एक ABVP नेता को बाल और कॉलर पकड़कर अंदर ले लिया, जिससे माहौल और गरमा गया।

क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस ने बल प्रयोग कर लोगों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला और गेट बंद कर दिया। महिलाओं और महिला पुलिस के बीच भी झड़प हुई।

स्थिति बिगड़ने पर क्राइम ब्रांच के जेसीपी शरद सिंगल भी मौके पर पहुंचे। विधायक अमुल भट्ट ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

सेक्टर-2 जेसीपी जयपालसिंह राठौड़ ने बताया कि मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। भीड़ की मांग है कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो और स्कूल बंद किया जाए। शिक्षा विभाग को मामले की जानकारी दी गई है और आगे की कार्रवाई उसके अधिकार क्षेत्र में होगी।

कुल मिलाकर, मृतक छात्र की मौत के बाद गुस्से में आई भीड़ ने स्कूल और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध किया, जिससे अहमदाबाद का माहौल तनावपूर्ण हो गया।

## वापी के धुलेटी हत्याकांड का आरोपी बिहार से गिरफ्तार 10 साल पहले हत्या कर फरार हो गया था

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

वलसाड जिला लोकल क्राइम ब्रांच ने 10 साल पुराने हत्या केस के आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है। आरोपी विश्वजीत वीरबहादुर सिंह पटना जिले के फतुहा इलाके से पकड़ा गया है।

वलसाड के एसपी डॉ. करणराज वाघेला के "ऑपरेशन हंट" के तहत यह कार्रवाई की गई। एलसीबी पीआई उत्सव बारोट की टीम ने तीन महीने तक तकनीकी और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर जांच शुरू की थी।

साल 2016 में धुलेटी के दिन वापी में पैसों की मांग को लेकर हुए झगड़े में विजयभाई पटेल की चाकू से वार कर हत्या कर दी गई थी। इस केस में मुख्य आरोपी सुधीर यादव की गिरफ्तारी हो चुकी थी।

सह-आरोपी विश्वजीत वीरबहादुर सिंह घटना के बाद दमन से बिहार भाग गया था। वह ड्राइवर के रूप में काम करके छिपा हुआ था। एलसीबी की टीम ने आरोपी को पकड़कर वापी टाउन पुलिस स्टेशन को सौंप दिया है। आरोपी मूल रूप से बिहार के भोजपुर जिले के देवरिया गांव का रहने वाला है और फिलहाल दमन में रह रहा था।

बिहार में हत्या कर फरार आरोपी गिरफ्तार

## पलसाणा तालुका में सिक्योरिटी गार्ड बनकर रह रहा था,STF ने पकड़ा

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

बिहार STF और सूरत ग्रामीण पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बिहार के पटना जिले में हत्या और हत्या के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बिट्टू कुमार उर्फ विष्णुकांत नवीन शर्मा सूरत के पलसाणा तालुका के तातीथैया इलाके की एक औद्योगिक इकाई में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम कर रहा था।

साल 2025 में पटना के नौबतपुर इलाके में एक ऑटो रिक्शा और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में आरोपी ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। उसने अन्य दो लोगों पर भी फायरिंग की थी। इसके बाद वह फरार हो गया था।

बिहार स्क्वाड को खबर मिली कि आरोपी सूरत में छिपा हुआ है। पुलिस महानिरीक्षक प्रेम वीर सिंह और उप पुलिस महानिरीक्षक हितेशकुमार जोयसार के मार्गदर्शन में LCB, पैरोल-फर्लो स्क्वॉड और बिहार स्क्वाड की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की। तकनीकी सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ लिया गया।

अब आरोपी को कोर्ट में पेश कर बिहार ले जाने की कार्रवाई शुरू की गई है। इस सफल ऑपरेशन से राज्य के बाहर के अपराधियों को यह संदेश गया है कि गुजरात में छिपे अपराधियों को सख्ती से पकड़ा जाएगा।





पांडेसरा पुलिस और GIDC की अनोखी पहल

# श्रमिक बच्चों के लिए 'डे केयर' सेंटर शुरू, बच्चों को घर से लाने-ले जाने के लिए सरकारी वाहन की व्यवस्था

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

श्रमिक माता-पिता के बच्चों की सुरक्षा और देखभाल के लिए सूरत शहर में एक अनोखा और सराहनीय प्रयास शुरू किया गया है। पांडेसरा पुलिस और पांडेसरा GIDC के संयुक्त उपक्रम से श्रमिक माता-पिता



के बच्चों के लिए एक 'डे केयर सेंटर' की शुरुआत की गई है। इस पहल से उन बच्चों को सुरक्षित आश्रय मिला है, जिनके माता-पिता काम पर जाने के कारण दिनभर घर पर अकेले रहते थे।

सूरत का पांडेसरा क्षेत्र एक बड़ा औद्योगिक इलाका है, जहां देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रमिक बड़ी संख्या में रहते हैं। ये श्रमिक दंपति फैक्ट्रियों और उद्योगों में काम करते हैं, जिसके कारण उन्हें अपने छोटे बच्चों को दिनभर घर पर अकेला छोड़ना पड़ता है। यह अकेलापन बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

बच्चों के गुम हो जाने, दुर्घटना का शिकार बनने या असामाजिक तत्वों के निशाने पर आने जैसी घटनाएं बढ़ रही थीं। इसी गंभीर समस्या को ध्यान में रखकर पांडेसरा पुलिस और GIDC एसोसिएशन ने मिलकर यह अनोखी पहल की।